हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 61 देहरादून, सोमवार, 22 अगस्त, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने मास्टर्स स्पोर्ट्स फाउण्डेशन के खेल पोस्टर का लोकार्पण 3

# चौंकाने वाली होगी धामी भट्ट की युवा टीम भाजपा, नज़र 2024 पर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कैसी होगी टीम भाजपा ? कैसा होगा धामी भट्ट का तालमेल ? और कैसे एडजस्ट किये जायेंगे युवा और दिग्गज ? ये सवाल लोगों के साथ साथ भाजपा संगठन के उन नेताओं के मन में कौंध रहा है जो संगठन और सरकार में कुछ बन जाने की बाट जोह रहे हैं। ये बेचैन नेतागण कुछ बोल तो नहीं रहे हैं लेकिन नज़र दिल्ली की उस लिस्ट पर टिकी है जो कभी भी जारी हो सकती है ।

**चौंकाने वाले होंगे युवा संगठन के नाम**

नए अध्यक्ष के बाद अब इंतज़ार टीम भाजपा उत्तराखंड के नामों के एलान का है। प्रदेश अध्यक्ष ने हाईकमान को नए पदाधिकारियों के नाम की सूची सौंपी, जिनमें से ज्यादात्तर नामों पर सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार 22 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रस्तावित सूची पर अंतिम मुहर लगाएंगे। भाजपा प्रदेश संगठन में कुल 22 पदाधिकारी हैं। इनमें छह प्रदेश उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, एक महामंत्री संगठन और आठ प्रदेश मंत्री के पद हैं। सूत्रों ने बताया कि उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्रियों में 80 फीसदी नए चेहरे हो सकते हैं। इनमें से ज्यादात्तर पदों पर संगठन के लिए समर्पित और सक्रिय युवाओं को मौका मिल सकता है। पदों से हटाए जाने वाले कुछ पूर्व पदाधिकारियों को बाद में सरकार में दायित्व के रूप में एडजस्ट किया जा सकता है। जानकर तर्क दे रहे हैं कि केंद्र भी चाहता है कि संगठन युवाओं के हाथ में देने से ज्यादा फायदा होगा क्योंकि ऊर्जा और समर्पण भी 2024 के लिए ज़रूरी है ऐसे में जब खुद मुख्यमंत्री पुष्कर धामी 46 वर्ष तो प्रदेश अध्यक्ष भट्ट 51 साल के हैं तो ज़रूरी है कि प्रदेश संगठन में भी युवा चेहरों को मौका देने के पक्ष में है।

**सभी मोर्चा के प्रेजिडेंट बदल सकते हैं**

बात करें तमाम मोर्चों और विभागों की तो बदलाव सबसे ज्यादा यहीं दिख सकता है। खबर आ रही है कि भाजपा के विभिन्न मोर्चों को भी नए प्रदेश अध्यक्ष मिलेंगे । पार्टी अध्यक्ष ने इनमें से कुछ पर अपनी सहमति भी दे दी है। भाजपा में महिला मोर्चा, युवा, किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्प संख्यक मोर्चा हैं। इनमें से महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी को विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद से खाली है।

इस पद पर एक पूर्व महिला विधायक की पुख्ता दावेदारी है। सूत्रों ने बताया कि चार-पांच मोर्चों के अध्यक्ष बदले जाने तय हैं। वहीँ कयासों के बीच महेंद्र भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा उत्तराखंड ने मीडिया को बताया है कि हाईकमान के साथ नए पदाधिकारियों को लेकर चर्चा हो चुकी है। ज्यादातर नामों पर सहमति भी बन चुकी है। प्रदेश संगठन में युवाओं को भी निश्चित तौर पर जगह मिलने जा रही है। कभी भी नई टीम का ऐलान हो सकता है।





## सीएम धामी से गवर्नर नहीं मंत्री के तौर पर मिली बेबी रानी मौर्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री एवं उत्तराखण्ड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की।



## भोपाल पहुंचे सीएम धामी, गृह मंत्री की बैठक में होंगे शामिल

भोपाल : 22अगस्त उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सीएम धामी सम्मिलित होने भोपाल आए हैं।

# डीएम सोनिका के नेतृत्व में आपदाग्रस्त इलाकों में राहत कार्य तेज़





**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 21 अगस्त , जनपद में विगत रात्रि को हुई अतिवृष्टि के चलते आयी आपदा से सरखेत व अन्य क्षेत्रों पर भारी नुकसान हुई है, तथा सरखेत में 4 लोगों के लापता की सूचना को लेकर जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर सर्च अभियान में जुटी है, साथ अपर जिलाधिकारी के. के. मिश्रा के नेतृत्व में ही क्षेत्र में राहत सामग्री वितरित किए गए हैं।

जिलाधिकारी सोनिका के दिशा निर्देशन के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी के.के.मिश्रा, सरखेत में राहत एवं सर्च अभियान को युद्ध स्तर में करवा रहे हैं। अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में एनडीआरफ, एसडीआरएफ, पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं खोजबीन कार्य को युद्ध स्तर पर संपादित करने में जुटी है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि सरखेत में लापता हुए लोगों के मालवा में दबे होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, मलवा को हटाने हेतु एक पोकलैंड मशीन को मंगाया गया है। जो रात्रि तक उक्त स्थल पर पहुंच कर कार्य को संपादित करेंगे। साथ ही विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को सुचारू करने में पर्याप्त मात्रा पर जेसीबी मशीन तैनात की गई है। पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति भी को सुचारू करने में टीम जुटी हुई है। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान, तहसीलदार सोहन सिंह रांगड़ सहित एनडीआरफ के अधिकारी पुलिस अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बुरी खबर : पीएम आवास योजना में बैंकों से सब्सिडी मिलनी बंद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




घर बनाने, फ्लैट खरीदने पर केंद्र सरकार की ओर से पीएम आवास योजना के तहत बैंकों के माध्यम से दी जाने वाली सब्सिडी अब नहीं मिलेगी। केंद्र की ओर से इसको लेकर पूरे प्रदेश को एडवाइजरी भेज दी गई है। लिहाजा, उन लोगों को झटका लगा है, जिन्होंने आवेदन किए थे। मार्च से पहले आवेदन करने वालों को ही अब सब्सिडी मिल पाएगी।इस योजना के तहत विभिन्न आय वर्ग के लोगों को सब्सिडी मिल रही थी। सब्सिडी का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग उम्मीद लगाए बैठे थे। अफसरों के मुताबिक, जिन लोगों का अपना घर नहीं है। उनके लिए केंद्र सरकार की ओर से मकान बनाने और फ्लैट खरीदने के लिए बैंकों से सब्सिडी दी जा रही थी।पात्र लाभार्थियों को दो लाख 30 हजार से दो लाख 67 हजार तक की सब्सिडी मिल रही थी। बीते साल मार्च 2021 में केंद्र सरकार ने एमआईजी वन, एमआईजी 2 को सब्सिडी देनी बंद कर दी थी। इस साल मार्च 2022 में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों को सुविधानुसार निजी बिल्डर से फ्लैट खरीदने, घर लेने, स्वतः निर्माण के लिए लोन पर मिल रही सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। एलआईजी श्रेणी के लोगों को भी अब सब्सिडी का लाभ नहीं मिल रहा है।




ये हैं श्रेणियां

ईडब्ल्यूएस श्रेणीः इकोनॉमिक वीकर सेक्शन (सालाना तीन लाख रुपये आय वर्ग)एलआईजीः लोअर इनकम ग्रुप (सालाना 6 लाख रुपये आय वर्ग) एमआईजी वनः मिडल इनकम ग्रुप (छह लाख रुपये से 12 लाख रुपये सालाना आय वर्ग)एमआईजी टूः मिडिल इनकम ग्रुप (12 लाख से लेकर 18 लाख रुपये सालाना आर्य वर्ग)

# कुरूड़ में आयोजित पर्यटन विकास मेले में वर्चुअल शामिल हुए सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कुरूड़, 21 अगस्त। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुरूड़ में आयोजित पर्यटन विकास मेले में वर्चुअल प्रतिभाग कर जनसभा को सबोधित करते हुए राजराजेश्वरी माता नंदा से सबके मंगल की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशक्ति मैय्या श्री सिद्ध पीठ कुरुड़ की नंदा राज राजेश्वरी मां प्राचीन काल से जगत के कल्याण के लिए कुरुड़ में विद्यमान है। नंदानगर घाट चमोली में महामृत्युंजय महादेव बैरासकुंड के बाम भाग में स्थित कुरुड़ में पार्वती-भगवती नंदा राज राजेश्वरी से सर्व कल्याण की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि हैं। नंदा राजजात यात्रा का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ की भूमि से कहा था कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। इस बार अभी तक चारधाम यात्रा में 30 लाख से अधिक रजिस्टर्ड श्रद्धालु आ चुके हैं। श्री बदरीनाथ में मास्टर प्लान से कार्य किये जा रहे हैं। श्री केदारनाथ में भी पुनर्निर्माण के तहत तृतीय चरण के कार्य गतिमान हैं। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सभी को अपना योगदान देना होगा। जो जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के भाव से कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक भूपाल राम टम्टा , जिला अध्यक्ष भाजपा रघुवीर बिष्ट, मंडल अध्यक्ष खिलाप सिंह नेगी, ब्लाक प्रमुख भारती देवी, कर्नल एच० एस० रावत, मेला कमेटी के अध्यक्ष सुखवीर सिंह रौतेला एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री ने मास्टर्स स्पोटर्स फाउण्डेशन के खेल पोस्टर का लोकार्पण

**फाउण्डेशन द्वारा नवम्बर में आयोजित की जा रही राष्ट्रीय स्तर की मास्टर्स खेल प्रतियोगिता के लिये दी शुभकामन**



मो0 सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मास्टर्स स्पोर्टस फाउण्डेशन के खेल पोस्टर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया एवं खेलों इंडिया के विचार को धरातल पर उतारने के लिये 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को इससे जोड़ने के प्रयास होने चाहिए। इससे शारारिक स्वस्थता के प्रति समाज में जागरूकता का भी प्रसार होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इस दिशा में क्रिकेटर ऋषभ पन्त को ब्रांड अम्बेसडर बनाया गया है। ऐसे प्रयास खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही मास्टर्स स्पोर्टस की गतिविधियों को बढ़ावा देकर खेलों को

- **प्रधानमंत्री के फिट इंडिया तथा खेलो इंडिया के विचार को साकार करने में सभी बने सहयोगी।**
- **खेलों के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता समय की जरूरत।**

रोजगार और पर्यटन से भी जोड़ने में मददगार होंगे। उन्होंने मास्टर्स स्पोटर्स फाउण्डेशन सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य संस्थानों से भी इस दिशा में सहभागी बनने की अपेक्षा की। मास्टर्स स्पोटर्स सोसाइटी के अध्यक्ष विपिन बलूनी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सोसाइटी विगत दो वर्ष से लगातार मास्टर्स लेवल पर फुटबाल, बैडमिंटन, निशानेबाजी, बालीबॉल, बास्केटबॉल, एथेलेटिक्स समेत 10 विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही है। इसके तहत जिला और राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं भी समय-समय पर आयोजित की जाती रही हैं। हमारी सोसाइटी द्वारा राज्यस्तरीय एथेलेटिक्स, फुटबॉल, निशानेबाजी बालीबाल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन का प्रदेशस्तरीय आयोजन कराया गया था जिसमें लगभग दो हजार खिलाडियों ने भाग लिया। इसी क्रम में फिट इंडिया मूवमेंट और खेलों को प्रोत्साहन देने की नीति के तहत सोसाइटी देहराइन में आगामी 11 से 13 नवम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेगी। जिसमें देशभर से 5 हजार खिलाड़ियों की भाग लेने की संभावना हैं।

# केंद्र और प्रदेश सरकार आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम कर रही है : नेहा जोशी

महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जाखणीधार ब्लॉक के ढुंगमंदार पट्टी के राजकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय देवताधार में मेडिट्रेना अस्पताल की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 70 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने भटवाड़ा में करीब एक हजार फलदार पौधे रोपने के कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया । उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को मूलभूत सुविधा पहुंचाने की पूरी कोशिश में लगी है। साथ ही भाजपा सरकारों की ओर से कई जन कल्याणकरी योजना चलाई जा रही हैं,जिनका जनता को लाभ मिल रहा है। जाखणीधार ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी ने क्षेत्र में शिविर आयोजन करने पर भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का आभार जताया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमवीर पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की है। डाक्टर सचिन, डा वंदना, डॉ ने लोगों से तंबाकू और शराब का सेवन न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा न करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुनीता भुजवाण, घनसाली व्यापार मंडलध्यक्ष डॉ.नरेन्द्र डंगवाल, ओम प्रकाश भुजवाण, प्रधान लक्ष्मी देवी, राजेश्वर देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रभाकर भट्ट, लक्ष्मी नाथ, मनोज रमोला, अंकित सजवाण, गौरव गुसाईं, विनोद गुसाईं आदि उपस्थित थे।



# यशपाल आर्य ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, सरकार से मुआवजे की मांग



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। 21 अगस्त। देहरादून के अलग अलग इलाकों में आई प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों का बड़ा नुकसान हुआ है। सरकार भी लगातार नज़रें बनाये हुए है। इसी बीच कांग्रेस के डेलिगेशन ने प्रभावित गांव का दौरा कर बड़ी मांग रखी है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सरखेत,मालदेवता, गाड़गांव सहित कई आपदाग्रस्त क्षेत्रों और अन्य गांव का दौरा किया और मृतकों के परिवार सहित आपदा पीड़ितों से भेंट की ।उन्होंने सरकार से पीड़ितों के विस्थापन की और आपदा के मानकों से इतर मुआवजे की मांग की।साथ में प्रभुलाल बहुगुणा ,पूर्व विधायक मनोज रावत,निवर्तमान मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि,सूरत सिंह नेगी,अश्वनी बहुगुणा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में अब बागेश्वर के मास्टर धरे गए



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पेपर लीक द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण किए कुछ छात्रों के बयानों,इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और गहन पूछताछ उपरांत अभियुक्त जगदीश गोस्वामी पुत्र गोपाल बाबू गोस्वामी निवासी चांदी खेत पोस्ट ऑफिस गनाई थाना चौखुटिया जिला अल्मोड़ा को एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।अभियुक्त राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलसूना, कांडा जिला बागेश्वर में नियुक्त है अभियुक्त द्वारा अपने इलाके और आसपास के छात्रों को इकठ्ठा कर परीक्षा के पहले रात को वाहन से धामपुर ले जाकर प्रश्न पत्र व उत्तर याद कराया गया फिर वापस परीक्षा केंद्रों पर छोड़ दिया गया था

# निर्माणाधीन सैन्य धाम का राज्यपाल करेंगे दौरा : गणेश जोशी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 21 अगस्त, प्रदेष के कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान मंत्री ने राज्यपाल को अपने जर्मनी, फ्रासं एवं स्वीट्जरलैंड दौरे की जानकारी दी और उत्तराखण्ड में जैविक खेती को कैसे आधुनिक तरीकों से किया जा सकता है, इस विषय पर अवगत कराया। राज्यपाल ने कृषि मंत्री को ऐरोमेटिक प्लांट, नेचुरल फार्मिंग, हनी रैवुलेशन, आर्गनिंग फार्मिंग के क्षेत्र में कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक तौर पर हनी रैवुलेशन और आर्गनिंग फार्मिंग का हब है और यहां ऐरोमेटिक विकास भी हो सकता है। इंटरनेषनल ऐयर ऑफ मिलट्स 2023 के लिए भी उत्तराखण्ड की तैयारियों से मंत्री ने राज्यपाल को अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने राज्यपाल को अवगत कराया कि कृषि विभाग गढ़वाल एवं कुमाऊं में किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि विकासखण्ड स्तर तक के किसानों को केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। इस विषयक राज्यपाल ने भी कृषि मंत्री को कई सुझाव दिये। मंत्री ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वह सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण करें। राज्यपाल ने सैन्यधाम निरीक्षण की सहमति दी है। जल्द ही वह सैन्यधाम निर्माण स्थल जाऐंगे।

मंत्री ने राज्यपाल को सरखेत में बादल फटने से उत्पन्न स्थिति के बारे में भी अवगत कराया। मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव का कार्य किया जा रहा है।





# डॉ धन सिंह रावत ने राष्ट्रीय होमियोपैथिक संगोष्ठी में गिनाई स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियां

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



काशीपुर 21 अगस्त , चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालय शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने काशीपुर में राष्ट्रीय होमियोपैथिक संगोष्ठी होम्योपैथी-भविष्य की दवाईं कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंत्री धन सिंह रावत ने होम्योपैथी के जनक डॉ क्रिस्चन फ्रेड्रीक सिमुअल गॉटफ्राइड हनीमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में होमियोपैथी रिसर्च के बाद नई तकनीकों को कार्यक्रम में आये अन्य डॉक्टरों के साथ साझा किया गया ताकि होमियोपैथी तकनीक को और आगे बढ़ाया जाए और समाज को अधिक से अधिक लाभान्वित कर सके। मा0 मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश में 111 होम्योपैथिक चिकित्सालय है जिसमें लगभग 1200 चिकित्सक अपनी सेवाऐं दे रहे है। उन्होने कहा कि नेशनल आयुष मिशन के तहत एक होम्योपैथिक कॉलेज शीघ्र खोला जायेगा जिसके लिए हमारी सरकार वचनबद्ध है। उन्होने कहा कि एनएचएम के तहत प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी में होम्योपैथी के 26 चिकित्सक रखे गये है एवं सभी सीएचसी एवं पीएचसी में 277 चिकित्सकों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है ताकि एक ही अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु एलोपैथी, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक सभी का उपचार हो सके। उन्होने कहा कि निजी अस्पतालों के संचालन में क्लीनिकल एक्ट की जो समस्याऐं आ रही है केन्द्र सरकार की संस्तुति से उसमें संशोधन किया जायेगा जिससे 30 से 50 बैड तक के निजी अस्पतालों के संचालन में सुगमता आयेगी। उन्होने कहा कि स्कूलों 18 वर्ष की आयु से कम बच्चों को निशुल्क दी जाने वाली दवाईयां दी जाती है, ऐसे विद्यालयों में अब ऐलोपैथिक के साथ-साथ होम्योपैथिक की टीमें भी भेजी जायेंगी इसके लिये योजना बनाई जा रही है।



उन्होने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर एक-एक वैन की व्यवस्था की गई है जिसके माध्यम से अभियान चलाकर विद्यालयों/कॉलेजों/घरों में जाकर निशुल्क कार्ड बनाये जा सकेंगे। उन्होने कहा कि हमारे राज्य कोरोना की पहली एवं दूसरी डोज शत/प्रतिशत लगाई जा चुकी है, और तीसरी (प्रीकॉशन डोज) भी हमारे राज्य में 20 प्रतिशत लगाई गयी है जो पूरे देश में 11 प्रतिशत ही हुई है। उन्होने कहा कि सरकार की मंशा है कि 30 सितम्बर 2022 तक तीसरी डोज पूरे प्रदेश में निशुल्क लगाई जायेगी एवं 30 सितम्बर 2022 के बाद 400 रू0 प्रति डोज का शुल्क लिया जायेगा। उन्होने अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग 30 सितम्बर 2022 तक आवश्य लगायें। उन्होने कहा कि सरकार ने प्रदेश में सभी गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पताल तक लाना एवं प्रसव के बाद घर तक पहुंचाने की निशुल्क व्यवस्था की है। उन्होने कहा कि आज प्रदेश में 38 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 88 प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो रही है जिसे शीघ्र शत-प्रतिशत किया जायेगा। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में सरकारी अस्पतालों में 258 प्रकार की जांचे निशुल्क की जा रही है, लगभग 400 प्रकार की दवाईयां मुफ्त में दी जा रही है। उन्होने की ऊधम सिंह नगर में 100 एकड़ भूमि में एम्स बनाया जायेगा जिसका अतिशीघ्र भूमि पूजन किया जायेगा। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में 2800 नर्सो की भर्तियां वर्षवार किये जाने की प्रक्रिया की जा रही है ताकि सभी सीएचसी एवं पीएचसी में नर्सों की कमी न हो। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में 1 लाख 40 हजार में एमबीबीएस की पढ़ाई की सुविधा है जो की पूरे देश सबसे सस्ती है।

मा0 मंत्री ने कहा कि जो प्रोफेसर श्रीनगर, अल्मोड़ा एवं पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाऐं देगा उसको 50 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन दिया जायेगा। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश के सभी जिला अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा प्रारम्भ कर दी गयाी जिसके लिए डायलिसिस के मरीजों को घर से ...

# पौड़ी एसडीएम को हटाए धामी सरकार - युवा कांग्रेस ने की मांग



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 21 अगस्त , युवा कांग्रेस उत्तराखंड के महासचिव नितिन बिष्ट के साथ पौड़ी एसडीएम द्वारा अभद्र भाषा व मारने की धमकी दी गई और एसडीएम के साथ खड़े अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा जिस तरह युवा कांग्रेस के महासचिव का गिरेबान पकड़ा गया व उसके साथ बदसलूकी कर धक्का-मुक्की की गई। इस घटना पर उत्तराखंड युवा कांग्रेस विंग आगबबूला है और इस कृत्य की युवा कांग्रेस उत्तराखंड के सीनियर लीडर शिवा वर्मा ने कठोर शब्दो में निंदा करते हुए कहा है कि ये घटना अपने आप में शर्मनाक है व शासन व प्रशासन से पौड़ी एसडीएम का तुरंत कार्यवाही करने की मांग है ।साथ ही प्रदेश युवा मुख्यमंत्री से यह भी मांग है कि ऐसे आचरण वाले अधिकारी तुरंत मुख्य पदों से हटाया जाए वा एक सुलझे हुए लोकप्रिय अधिकारियों की हर जिलेवार तैनाती की जाए जो कि जनता का मर्म समझ सकें और उन पर रौब गालिब ना करे । इस तरह का बर्ताव एक उच्च अधिकारी का करना इस चीज को दर्शाता है की अधिकारी निरंकुश है ।

अग्निवीर की भर्ती के दौरान प्रमाण पत्र की आवश्यकता हर उस युवा को है जो अग्निवीर में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहता है लेकिन कुछ दिनों से चल रही पटवारियों की हड़ताल के होने के कारण प्रमाण पत्र युवाओं को नहीं मिल पा रहा था जिस बात को लेकर उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस के महासचिव नितिन बिष्ट द्वारा एसडीएम से प्रमाण पत्र यथाशीघ्र दिलाने को कहा गया जिस पर एस डी एम आगबबूला होगये इतनी बर्बरता होना बहुत ही अपने आप में निंदनीय है व युवा कांग्रेसी एसडीएम द्वारा किए गए बर्ताव की घोर भर्त्सना करती है और ऐसे अधिकारी के विरोध कठोर कार्यवाही करनी अति आवश्यक है जोकि झूठे इल्जाम देकर उल्टा युवाओं पर मुकदमे करने को आतुर हैं।

# 20 वीं उत्तराखण्ड राज्य सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में खेल मंत्री रेखा आर्या ने दिखाया हुनर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



22 अगस्त , देहरादून, खेल मंत्री रेखा आर्या आज बहुउद्देशीय क्रीडा भवन, परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तरांचल राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित '20 वीं उत्तराखण्ड राज्य सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता' के समापन कार्यक्रम में पंहुची। यह प्रतियोगिता 17 अगस्त से शुरू हुई थी जिसका कि आज खेल मंत्री रेखा आर्य ने समापन किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने बैडमिंटन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया साथ ही मौजूद सभी खिलाड़ियों को उनके भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हमारे बच्चे खेल की विभिन्न विधाओं में सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ी आज विश्व पटल पर राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेल मंत्री ने कहा कि पहले लोग कहते थे कि ₹खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब₹ और ₹पढोगे लिखोगे बनोगे नवाब₹ लेकिन अब यह धारणा बदल चुकी है अब ₹खेलोगे कूदोगे बनोगे नवाब₹ और ₹पढोगे लिखोगे तो भी बनोगे नवाब₹ कहावत कही जाती है ।खेल मंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में नई खेल नीति बनाई गई है। खिलाड़ियों की सुविधा एवं उनके हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर खेल नीति में और सुधार किये जायेंगे ।साथ ही मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आगामी 29 अगस्त को जिस दिन राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है उस दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाडी उन्नीयन योजना का शुभारंभ किया जायेगा ।इस योजना के अन्तर्गत 8 से 14 वर्ष तक के लगभग चार हजार से अधिक खिलाडियों को 1500 रुपये की खेल छात्रवर्ती दी जायेगी।

# केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने 163.25 लाख की लिंक मार्गों का लोकार्पण किया

फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने किच्छा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव चुकटी देवरिया में कृषि उत्पादन मण्डी समिति किच्छा द्वारा निर्मित विभिन्न सड़कों के लोकार्पण किया है । मंत्री अजय भट्ट ने कार्यक्रम में 163.25 लाख से निर्मित विभिन्न मार्गों-लिंक मार्गों का लोकार्पण किया।

मंत्री अजय भट्ट कहा कि 163 लाख 25 हजार रूपये की लागत से विभिन्न मार्गों का यहां लोकार्पण किया गया है। उन्होने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि यह कार्य मेरे हाथों से हुआ है, अभी और बहुत सारी सड़के बाकी है जिनका लोकार्पण भी शीघ्र होगा। उन्होने कहा कि एनएच के निर्माण में बड़े स्तर पर गड़बड़ी जैसे गम्भीर मुद्दों को बार-बार उठाया, जिसके उपरान्त अब उसमें कई संशोधन कर दिये गये है। उन्होने कहा कि रूद्रपुर के बाईपास के लिए लगभग 800 करोड़ रूपये स्वीकृत हो गये है।


मंत्री भट्ट ने कहा कि जिस प्रकार रामपुर से काठगोदाम एनएच तैयार की जा रही है जिससे रूद्रपुर के आस-पास को क्षेत्र को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि इसी






प्रकार हमारी सरकार मुरादाबाद से भी एक एनएच की सड़क ला रहे है जो रामनगर तक जायेगी जिसकी लागत लगभग 4 हजार करोड़ रूपये है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चारों तरफ कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान तो दिया जा रहा है इसी के साथ हर क्षेत्र में देश में जो कार्य आज तक नहीं हुऐ है वे सभी कार्य इस समय किये जा रहे है। उन्होने कहा कि मातृशक्ति को हमारे देश में नौ दुर्गा के रूप में माना जाता है। उन्होने कहा कि आज एनडीए लगभग 600 से अधिक बलिकाओं का चयन हुआ है, अब वे सब हमारे अन्य सैन्य अधिकारियों के समान होगी। आज के समय हमारी बेटियां फाईटर जैट उड़ा रही हैं। उन्होने कहा कि आज बेटियों ने नेवी, आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, पीसीएस, वैज्ञानिक आदि के क्षेत्र में परचम लहरा रही है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने दो बेटियों को अंतरिक्ष में कार्य करने का मौका दिया है जिसका नेतृत्व हमारी बहनों ने किया है, इस प्रकार हम देश के प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे है। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान स्वतंत्रता सग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व0 हरीश सिंह बिष्ट की पत्नी लीलादेवी बिष्ट एवं दयानन्द उपाध्याय को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया।

# आप की अनुशासन समिति तैयार , संगठन करेंगे सशक्त : जोत सिंह बिष्ट





Aam Aadmi Party - Uttarakhand
104, Aaraghar, Dehradun, Uttarakhand
Phone : +91 8800026071, 8800026072
E-mail : aaputtarakhand2@gmail.com
Twitter : @AAPUttarakhand I Facebook : AAPUttarakhand

कार्यालय ज्ञापन

आम आदमी पार्टी के सगंठानात्मक गतिविधियों एवं अन्य समस्त क
के लिए निम्नानुसार प्रदेश अनुशासन समिति का गठन किया जाता है

| क्रंस0 | पदनाम | नाम |
|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | श्री जगतार सिंह बाजव |
| 2 | सचिव | श्री विशाल चौधरी |
| 3 | सदस्य | डा0 आर0पी0 रतुड़ी |
| 4 | सदस्य | श्री शिशुपाल सिंह राव |
| 5 | सदस्य | श्रीमती मनीषा दुसेजा |

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आम आदमी पार्टी में पार्टी संगठन में अनुशासन बनाये रखने के लिए पार्टी नेतृत्व द्वारा गंभीर विचार विमर्श के उपरान्त प्रदेश स्तरीय अनुशासन समिति का गठन किया गया है। अनुशासन समिति में पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री जगतार सिंह बाजवा को अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण भूमिका देने के साथ उनको सहयोग करने के लिए युवा नेता श्री विशाल चौधरी को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। सदस्यों के रूप में राजनीति का लंबा अनुभव रखने वाले प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 आर0 पी0 रतुड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शिशुपाल सिंह रावत एवं एडवोकेट मनीषा दुसेजा को कमेटी में शामिल किया गया है। मीडिया को अनुशासन समिति की सूची जारी करते हुए पार्टी के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल में अनुशासन होना बहुत आवश्यक है, अनुशासित राजनीतिक दल के लोग ही जबाबदेही से अपना काम करते हुए जनता के बीच में अपनी अच्छी पैठ बनाकर जनसमस्याओं के समाधान में भागीदारी करते हैं, जो कि उनका पहला कर्तव्य होता है। समिति में शामिल सभी लोगों को बधाई देते हुए जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि समिति के अध्यक्ष व सभी अन्य साथी पार्टी में बेहतर अनुशासन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# आपदा में किए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहेंगे : अशोक कुमार डीजीपी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने विधायक प्रीतम सिंह पंवार, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल, DIG गढ़वाल परिक्षेत्र, SSP देहरादून व सेनानायक SDRF के साथ कुमाल्डा, सरखेत, मालदेवता व उसके आस-पास आपदा प्रभावित क्षेत्रों को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुलिस और SDRF के रेस्क्यू और रिलीफ कार्यों का अवलोकन कर आपदा में किए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रमीणों के लिए जल्द से जल्द वैकल्पिक संपर्क मार्ग तैयार करने और लापता चल रहे व्यक्तियों की निरंतर तलाश के लिए भी SDRF को निर्देश दिए। मनोज पयाल ने सर्वप्रथम डायल 112 पर कॉल कर इस प्राकृतिक आपदा के संबंध में सूचना दी थी, जिस पर स्थानीय पुलिस और SDRF मौके पर पहुंची। जिसके बाद स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रेस्क्यू कार्यों में पुलिस और SDRF का सहयोग भी किया।डीजीपी अशोक कुमार ने मिलकर उनकी सतर्कता, साहस व सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद किया और उनको सम्मानित भी करने की बात कही है।



# संपादकीय

## जब बलिया हुआ आजाद

सुराजी लोगों ने अंग्रेज सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया, लेकिन यह आंदोलन निर्णायक तब हुआ, जब 18 अगस्त को बलिया के पूर्वी छोर पर स्थित बैरिया थाने पर पास के बाबा लक्ष्मण दास हाइस्कूल और मिडिल स्कूल के छात्रों ने तिरंगा फहराने की सोची. नारायण गढ़ निवासी कौशल कुमार सिंह की अगुआई में छात्रों का दल तिरंगा फहराने चला, तो पहले थानेदार ने अनुमति दे दी, लेकिन उसके मन में अंग्रेजी दासता का कीड़ा छुपा हुआ था और उसने छात्रों पर गोलियां बरसा दीं. इस घटना में कौशल कुमार सिंह और पदुमदेव पांडे समेत 19 छात्र शहीद हुए. अपने नौनिहालों की इस नृशंस हत्या से पूरा इलाका विचलित हो उठा. लोग थाने की तरफ बढ़ चले. उन्मादी भीड़ देख बैरिया थाने के पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गये और वे भाग खड़े हुए. भीड़ ने रास्ते में पड़ने वाले थानों पर भी हमला किया और वहां तिरंगा फहरा दिया. देखते ही देखते यह क्रांति इतनी तेज हो गयी कि पूरे जिले से अंग्रेज अफसरों को भागना पड़ा. बलिया में नौ अगस्त, 1942 को ही राधा मोहन सिंह, परमात्मा नंद सिंह और रामनरेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था. चित्तू पांडेय, राजेश्वर तिवारी, शिवपूजन सिंह, महानंद मिश्र, विश्वनाथ चौबे, ठाकुर जगन्नाथ सिंह, तारकेश्वर पांडेय, युसूफ कुरैशी भी हिरासत में थे. छात्र नेता तारकेश्वर पांडेय के नेतृत्व में पूरे बलिया में इन गिरफ्तारियों के खिलाफ प्रदर्शन हुआ और हड़ताल रखी गयी. शहर में विश्वनाथ मर्दाना के नेतृत्व में हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाला. सभा को संबोधित करने वाले रामअनंत पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया. बिल्थरारोड में पारसनाथ मिश्र के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन हुए. आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था. जानकी देवी, कल्याणी देवी और पार्वती देवी के नाम अविस्मरणीय हैं. जनपद के विभिन्न स्थानों पर जनता के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा था. इस बीच इलाहाबाद विश्वविद्यालय से छात्रों की एक टोली रेल से चली और रास्ते में पड़ने वाले थानों को लूटती गयी. डाकखानों को भी लूटा गया. जगह-जगह रेल लाइनें उखाड़ दी गयीं. बलिया जनपद के क्रांतिकारी संघर्ष के लिए 19 अगस्त, 1942 का दिन निर्णायक दिन था. कई स्थानों पर कब्जा हो जाने से क्रांतिकारियों के हौसले बुलंद थे. दस हजार से अधिक की भीड़ ने बलिया जेल को घेर लिया, जिसके दबाव में तब के कलेक्टर जे निगम को सभी बंदियों को रिहा करने पर बाध्य होना पड़ा. बलिया में प्रजातांत्रिक स्वराज सरकार की स्थापना हुई और चित्तू पांडेय बलिया के प्रथम कलेक्टर नियुक्त हुए, लेकिन बलिया की यह आजादी महज छह दिनों तक ही कायम रह पायी. इसके बाद बलिया में बक्सर से गंगा के रास्ते क्रूर अंग्रेज अधिकारी नेदरसोल की अगुआई में अंग्रेजी फौज ने पश्चिम-दक्षिण की सीमा से प्रवेश किया. फिर बलिया में अंग्रेजी हुकूमत का नंगा नाच शुरू हो गया. गांवों पर जुर्माने लगाये गये. शहर में जो भी जहां दिखा, उसे पीटा गया. बैरिया आंदोलन के कई लोग फरार हो गये. रेलवे लाइन के किनारे के गांवों पर अंग्रेज अफसरों ने जुर्माना लगाया. मेरी दादी बताती थीं कि अंग्रेजों के डर से हफ्तों तक मकई के खेतों के बीच पूरे परिवार को, जिसमें महिलाएं भी थीं, छुप कर रहना पड़ा. इस दौरान पुलिस और अंग्रेज सैनिकों को लोगों के घरों में जो कुछ भी मिला, उठा ले गये. बलिया पर अंग्रेजी हुकूमत का कब्जा इतना अहम था कि तब बीबीसी पर उसे खबर प्रसारित करनी पड़ी- बलिया हैज बीन रिकांकर्ड यानी बलिया पर फिर से कब्जा हो गया.

# कृष्ण जन्मोत्सव के बेस्ट विद्यालयों को एसपी श्वेता चौबे ने किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाईन में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा कुमाँऊ, गढ़वाली एवं अन्य लोकनृत्य, भजन द्वारा अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण किया गया था। जिसका आनंद स्थानीय निवासियों और अतिथि दर्शकों ने लिया और बेहद प्रशासन की। इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद उन्हें पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा सभी विद्यालयों के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया।आईपीएस श्वेता चौबे ने छात्र-छात्राओं की कार्यकुशलता से किए सामाजिक/सांस्कृतिक कार्यों में सहभागिता की सराहना व प्रशंसा की और भविष्य में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्यक्षमता के साथ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रेरित भी किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर थानों/फायर सर्विस द्वारा लगाई गई झांकी में प्रथम स्थान थाना गोपेश्वर, द्वितीय - थाना कर्णप्रयाग , तृतीय-थाना जोशीमठ व सांत्वना पुरस्कार- फायर स्टेशन गोपेश्वर द्वारा प्राप्त किया गया। इसके साथ साथ एसपी ने सभी शिक्षकों से चमोली पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान एक साझू प्रयास, पुलिस वाला गुरजी का साथ व ड्रग्स जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियान में सहयोग की अपील की । इस दौरान शिक्षकों ने अपने सुझाव रखे गए। इस दौरान पीस पब्लिक,सुबोध प्रेम विद्या मन्दिर, आदर्श विद्या मन्दिर, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल,राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए।



# बारिश में कार आपके लिए न बन जाये टेंशन - पढ़िए ये टिप्स

फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पहाड़ से लेकर मैदान तक जमकर बारिश हो रही है। इस बारिश ने एक ओर जहाँ लोग एन्जॉय कर रहे हैं तो वहीँ आफत भी सामने कड़ी है। इस बीच बात आपकी खूबसूरत कार की करें तो आप भी सोच में पड़ जायेंगे लेकिन खबर आपके ही काम की है देहरादून की स्मार्ट सिटी की सड़कें हों या मेरठ की गड्ढों में तब्दील सड़कें या फिर दिल्ली की रोड आप जब कार दौड़ाते हैं तो खराब सड़कें, गड्ढों में भरा पानी समेत बारिश से होने वाली तमाम परेशानियां आपकी टेंशन बढ़ा देती हैं। ऐसे में अक्सर आपकी कार में कई तरह की खराबी आ जाती है। अगर मानसून के मौसम में आप ड्राइव पर जाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको कुछ खाट बातें बता रहे हैं जिसको आप टिप्स भी मान सकते हैं क्योंकि ये टिप्स बड़े फायदे की है -

**अच्छी तरह से चेक करें वाइपर**

बारिश में वाइपर के बिना कार चलाना मुश्किल हो जाता है. लंबे समय के बाद वाइपर इस्तेमाल करने से खराब होने की संभावनाएं बढ़ जाती है. इसलिए जरूरी है वाइपर को अच्छे से चेक कर लें और अगर बदलने की जरूरत महसूस हो तो तुरंत बदल दें. क्योंकि बारिश में इनके सबसे अधिक आवश्यकता होती है. साथ ही विंडशील्ड की सफाई के लिए वाइपर फ्लूड कंटेनर में साबुन का घोल भी डाल सकते हैं.

**ब्रेक पैड पर दें ध्यान**

ड्राइव पर निकलने से पहले कार के ब्रेक पैड अच्छी तरह से चेक कर लें, क्योंकि बारिश के मौसम में ब्रेक पैड खराब हो जाते हैं. ड्राइविंग करते टाइम अगर ब्रेक लगने में सामान्य से अधिक समय ले रहे हैं या फिर अजीब सी आवाज कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि आपको ब्रेक को बदलने की जरूरत है.अगर आप खराब ब्रेक के साथ कार ड्राइव करते हैं तो इससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है.



**नमी को अब्जॉर्ब करने के लिए सिलिका जेल रखें**

आपकी कार लंबे समय से बंद है, तो जाहिर सी बात है केबिन में नमी की संभावना बढ़ गई होगी. केबिन के अंदर कचरा, गीले कपड़े, जूते, खिड़कियों के बंद रहने और यहां तक की सांस लेने से भी मॉइश्चर आ जाता है. इस तरह के मॉइश्चर से बचने ले लिए जरूरी है सिलिका जेल खरीदें. यह अमेजन और स्नैपडील जैसी ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइटों पर आसानी से उपलब्ध है.

**गाड़ी में रखें जरुरी सामान**

मानसून के दौरान कभी भी ट्रैफिक का सामना करना पड़ सकता है. ऐसे में कुछ जरूरी सामान को हमेशा अपनी कार में रखें. जैसे की छाता, टॉर्च, एक जोड़ी कपड़े, तौलिया ये सभी चीजें गाड़ी में हमेशा होना चाहिए. इसके अलावा, फ्यूज और वाइपर ब्लेड और एक्स्ट्रा टायर होना चाहिए.... न्यूज़ वायरस आपको ये सुझाव दे रहा है जिससे आपकी कार और ड्राइविंग दोनों सेफ हो।

# राजीव गांधी ने भारत को 21 वीं सदी का सपना दिखाया था : सूर्यकान्त धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 20 अगस्त : राजीव गांधी देश के वे पहले नेता थे जिन्होंने देश की युवा पीढ़ी को सबसे पहले इकीसवीं सदी के भारत का न केवल सपना दिखाया था बल्कि केवल पांच वर्ष के कार्यकाल में उस सपने को पूरा करने की मजबूत बुनियाद भी डाली थी यह बात देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 78 वीं जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने कही।उन्होंने कहा कि जब राजीव गांधी ने इक्कीसवीं शताब्दी की बात की तो लोग उन पर हंसे , जब उन्होंने देश में सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति शुरू की तब लोगों ने उनका विरोध किया लेकिन भविष्य ने राजीव गांधी के सपने को भी सच साबित किया और इतना ही नहीं जिन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति पर यह कह कर सवाल उठाए थे कि कंप्यूटर आने से देश में बेरोजगारी छा जाएगी आज वे नेता ही जेब में मोबाइल व हाथ में लैपटॉप ले कर चलते हैं और देश और दुनिया में जा कर सेल्फी खींच कर इतराते हैं।कांग्रेस लीडर धस्माना ने कहा कि राजीव गांधी महिलाओं के सम्मान और पीड़ा की थोथी बातें नहीं करते आज के नेताओं की तरह बल्कि देश में महिलाओं को पंचायतों व स्थानीय निकायों में आरक्षण की व्यवस्था संविधान संशोधन कर की जो आज़ादी के बाद से आज तक का सबसे क्रांतिकारी संशोधन है महिलाओं को सत्ता में भागीदार बनाने का। उन्होंने कहा कि युवाओं को 21 की जगह 18 वर्ष में मतदान का अधिकार भी राजीव गांधी की क्रांतिकारी सोच का नतीजा है ।इस अवसर पर बोलते हुए महिला नेता सुशीला बेलवाल शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के लिए देशभर की महिलाओं के दिल में हमेशा सम्मान रहेगा क्योंकि उन्होंने महिलाओं को राजकाज में भागीदार बनाया। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुमित खन्ना ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का जो डंका सूचना प्रौद्योगिकी व विशेष रूप से सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में बजता है उसका असली श्रेय राजीव गांधी जी को जाता है। प्रेमनगर छावनी परिषद के निवर्तमान पार्षद जितेंद्र तनेजा ने कहा कि संविधान के 73 वें व 74 वें संशोधनों को पारित करवा कर राजीव जी ने स्थानीय निकाय व पंचायत राज में जिस क्रांति का सूत्रपात किया वो ऐतिहासिक है।इस अवसर पर अवधेश कथिरिया, देवेंद्र अरोड़ा, इज़हार, संजय भारती, शुभम सैनी, शराफत, सरदार जसविंदर सिंह मोठी, ज्योति चौधरी, संगीता शाशन, रविंदर सिंह ने भी अपने विचार प्रकट कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के बारे में विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन अनुज शर्मा ने किया।

# जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त के निर्देश - अपराधी सजा से बचना नहीं चाहिए

मो० सलीम सैफ़ी की विशेष रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने विभागीय मीटिंग में सख्त तेवर दिखते हुए कड़े निर्देश दिए हैं। डीएम पंत ने आबकारी विभाग की कारगुजारियों की समीक्षा के दौरान राजस्व तथा पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध शराब के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि जनपद में जहरीली शराब के सेवन से एक भी मौत होती है तो उसका उत्तरदायित्व जिला आबकारी अधिकारी का होगा। जिलाधिकारी ने अपराध समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि छोटे-बड़े किसी भी अपराध में शामिल व्यक्ति सजा से बचना नहीं चाहिए, इसलिए पुलिस कर्मी तथा अभियोजन अधिकारी प्रभावी ढंग से कार्य करना सुनिश्चित करें।उन्होंने मुकदमों के प्रभावी निस्तारण हेतु कैस ऑफीसर नियुक्त करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिये। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन्वेस्टीगेशन कार्य में किसी भी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने गंभीर अपराधों से सम्बन्धित मामलों में प्रमुख गवाहों के बयान 164 के अन्तर्गत दर्ज कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गंभीर अपराधों में होस्टाइल होने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने अभियोजना अधिकारियों व पुलिस विभाग के साथ शीघ्र ही बैठक



आयोजित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान पुराने वादो का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये।उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान पुलिस, राजस्व, खनन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश उप निदेशक खनन को दिये। उन्होंने परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल बसों की पुलिस तथा परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एआरटीओ कार्यालय में पारदर्शिता से कार्य हेतु फाइलों का जवाब पत्र एवं ईमेल के माध्यम से देने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये।बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्र, जय भारत सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, संयुक्त निदेश डीएस जंगपांगी, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, सीमा विश्वकर्मा, अभय प्रताप सिंह, राकेश चन्द्र तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा